**-:प्रेस नोट:-**

**दिनांक- 29.07.2026**

# कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेलने वाले 08 अभियुक्तों को थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा किया गया गिरफ्तार। मौके से 52 अदद् ताश के पत्ते, मालफड़ तथा जामा तलाशी में कुल 02 लाख 06 हजार 610 रुपये सहित 03 चारपहिया वाहन, 01 दोपहिया वाहन, 09 मोबाइल फोन आदि बरामद।**

**विवरण-** पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा जुआं जैसे संगठित अपराधों पर रोकथाम लगाये जाने हेतु की जा रही कार्यवाही के क्रम में आज दिनांक 29.07.2026 को देर शाम थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते हुए 08 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया। गौरतलब हो कि थाना कोतवाली देहात पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि मवई बाईपास रोड नशा मुक्ति केन्द्र के पास कुछ व्यक्ति संगठित होकर हार-हीत की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे है। सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा मौके पर छापेमारी करते हुए 08 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया। अभियुक्तों के कब्जे से 52 अदद् ताश के पत्ते, मालफड़ व जामा तलाशी के कुल **2,06,610** रुपये बरामद हुए साथ ही मौके से 03 चारपहिया वाहन, 01 दोपहिया वाहन, 09 मोबाइल फोन आदि भी बरामद हुए हैं।

**बरामदगी-**

- 02 लाख 06 हजार 610 रुपए (माल-फड़ व जामा तलाशी के)
- 03 चार पहिया वाहन
- 01 दोपहिया वाहन
- 09 अदद मोबाइल फोन
- 52 अदद् ताश के पत्ते

**गिरफ्तार अभियुक्त-**

1. प्रिन्सू पुत्र सुरेश निवासी महोखर थाना कोतवाली देहात जनपद बांदा।
2. विवेक पुत्र ग़शवीर निवासी महोखर थाना कोतवाली देहात जनपद बांदा।
3. रंजीत पुत्र राजकिशोर निवासी राजपूत नगर थाना कोतवाली नगर जनपद बांदा।
4. राजेश पुत्र चन्द्रभूषण निवासी महोखर थाना कोतवाली देहात जनपद बांदा।
5. शिवप्रकाश पुत्र अरिमर्दन निवासी महोखर थाना कोतवाली देहात जनपद बांदा।
6. अनूप पुत्र हरदयाल निवासी महोखर थाना कोतवाली देहात जनपद बांदा।
7. अर्जुन पुत्र भगवान निवासी महोखर थाना कोतवाली देहात जनपद बांदा।
8. शिवम पुत्र विक्रम निवासी महोखर थाना कोतवाली देहात जनपद बांदा।

**पंजीकृत अभियोग-**

- मु0अ0सं0 210/26 धारा 13 सार्वजनिक जुआ अधि0 थाना कोतवाली देहात जनपद बांदा।

**गिरफ्तारी करने वाली टीम-**

1. श्री संजीव कुमार चौबे थानाध्यक्ष कोतवाली देहात
2. श्री दुर्विजय सिंह चौकी प्रभारी महोखर
3. कां0 श्याम सुन्दर यादव
4. कां0 राजेश राय
5. कां0 विकास सिंह
6. कां0  अंकेश कुमार
7. कां0 उमेश कुमार यादव
8. कां0 आकाश कुमार